तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 20 मार्च 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

2 अब शहरी इलाके में कम सुनाई देती है गौरेया की चहचहाहट



## खबर संक्षेप

### नवनिर्वाचित पदाधिकारी आज संभालेंगे कार्यभार

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ पंचायत राज अधिनियम, 1993 के प्रावधानों के तहत जिला पंचायत सरगुजा का प्रथम सम्मिलन 20 मार्च को आयोजित किया जाएगा। यह बैठक अपरान्ह 3:00 बजे से जिला पंचायत के सभा कक्ष में संपन्न होगी। सम्मिलन में नवनिर्वाचित पदधारी अपने-अपने पद का कार्यभार ग्रहण करेंगे। इस महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत की नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्रीमती निरूपा सिंह करेंगी। जिला पंचायत प्रशासन ने सभी संबंधित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से इस बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने का आह्वान किया है।

### उत्कर्ष योजनांतर्गत कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु परीक्षा 30 को

**सूरजपुर।** पं. जवाहर लाल नेहरू विद्यार्थी उत्कर्ष योजना अंतर्गत राज्य के उत्कृष्ट एवं प्रतिष्ठित अशासकीय विद्यालयों में अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों को कक्षा 6 वीं में प्रवेश दिलाया जाना है। योजनांतर्गत प्रवेश परीक्षा का आयोजन 30 मार्च को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक परीक्षा केन्द्र शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सूरजपुर में आयोजित किया जाना है। परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र संबंधित विकास खण्ड शिक्षा कार्यालय से प्राप्त कर सकेंगे। त्रुटिवश या अन्य किसी कारण से यदि किसी छात्र-छात्रा को प्रवेश पत्र प्राप्त नहीं हो पाता है, तो वे अपने समस्त दस्तावेजों की छायाप्रति के साथ परीक्षा केंद्र में 1 घंटे पूर्व पहुंचकर केन्द्राध्यक्ष से संपर्क कर प्रवेश पत्र की द्वितीय प्रति कर सकेंगे ।



**रमज़ान मुबारक**

**उन्नीसवां रोज़ा**

आज का इफ्तार - 6.12 बजे

कल की सेहरी - 4.37 बजे

## सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल

# केंद्रीय जेल के कैदियों के पास से मिला मोबाइल फोन और गांजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

केंद्रीय जेल के अंदर बंद कैदियों के सेल से मोबाइल फोन और गांजा बरामद होने का मामला सामने आया है। जेल प्रबंधन द्वारा चलाए गये सर्च अभियान के दौरान बैरक में छिपाकर रखे गये सामान बरामद होने के बाद हड़कंप मच गया है। बड़ी बात यह है कि मोबाइल फोन और गांजा जिस सेल से बरामद हुआ है उसमें प्रधान आरक्षक की पत्नी और बेटी का कातिल कुलदीप साहू रहता है। इसके साथ ही इसी बैरक में दुर्ग से लाया गया कुख्यात बध्माश दीपक नेपाली भी रहता है। मामला सामने आने के बाद जेल प्रबंधन की सुरक्षा व्यस्था पर सवाल खड़े हो गये है। फिलहाल इस मामले में जेल अधीक्षक द्वारा जांच के निर्देश दिए गए है और जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**खास बात**

- प्रधान आरक्षक की पत्नी और बेटी की हत्या के आरोपी कुलदीप साहू और कुख्यात बदमाश दीपक नेपाली के सेल से हुआ बरामद

बताया जा रहा है कि पिछले दिनों केंद्रीय जेल में जेल अधीक्षक के निर्देश पर सहायक जेलर द्वारा बैरकों की जांच का अभियान चलाया गया था। इस जांच के दौरान पुलिस को कैदियों के सेल से मोबाइल फोन और गांजा मिला है। जेल के अंदर जिस बैरक से पुलिस को गांजा और मोबाइल फोन मिला है वहां सूरजपुर जिले के कोतवाली थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक तालिब शेख की पत्नी और बेटी की बेरहमी से हत्या करने के मामले में बंद आरोपी कुलदीप साहू रहता है। इसके साथ ही इसी सेल में दुर्ग से लाकर शिफ्ट किया गया कुख्यात बदमाश दीपक नेपाली भी रहता है। अधिकारियों ने बैरक में बने टॉयलेट में छिपाकर रखे मोबाइल फोन को बरामद किया है जिसके बाद जेल प्रबंधन में हड़कंप मच गया है। हालांकि यह कार्रवाई दो से तीन दिन पूर्व की गई थी लेकिन अब जाकर जानकारी जेल से बाहर आई है। इस जानकारी के सामने आने के बाद जेल में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने शुरू हो गए है। वहीं इस पूरे मामले में जेल प्रबंधन का तर्क है कि चिन्हांकित बैरक की जांच के दौरान टीम ने यह कार्रवाई की है और इसकी जांच अभी भी चल रही है। वहीं इस मामले के बाद दोनों कैदियों को दूसरे सेल में शिफ्ट कर दिया गया है।




### बड़ा सवाल कैसे अन्दर पहुंचा फोन

केन्द्रीय जेल के अन्दर सुरक्षा के कड़े इंतजाम है। जेल के अन्दर किसी को मोबाइल फोन बाहर से लेकर जाने की इजाजत नहीं है ऐसे में सवाल उठ रहा है कि आखिर खतरनाक कैदियों को आखिर कैसे मोबाइल फोन और गांजा उपलब्ध कराया गया। संभावना जताई जा रही है कि कैदी मुलाकात के दौरान ही मोबाइल फोन को अन्दर पहुंचाया गया है और इस कार्य में जेल के ही किसी कर्मचारी ने उनकी मदद की है। ऐसे में जेल प्रबंधन की कार्यशैली सवालों के घेरे में है। हैरानी की बात तो यह है कि जेल में उस कैदी को मदद पहुंचाई जा रही है जिसने पुलिस परिवार के प्रधान आरक्षक के परिवार को ही बेरहमी से खत्म कर दिया। इस पूरे मामले में जेल प्रहरी की भूमिका संदेह के दायरे में है। ऐसे में अब देखना यह है कि जेल प्रबन्धन की ओर से इस मामले में क्या कार्रवाई की जाती है।

### चल रही है जांच

चिन्हांकित बैरक की जांच हेतु उप अधीक्षक द्वारा अभियान चलाया गया था। तलाशी के दौरान छिपाकर रखा गया मोबाइल फोन और कम मात्रा में गांजा बरामद हुआ है। हम लगातार रूटीन जांच अभियान चलाते रहते है। इस पूरे मामले की जांच चल रही है और जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

-योगेश सिंह
केंद्रीय जेल अधीक्षक

## पुलिस अभिरक्षा से आरोपी फरार, अपराध दर्ज

**अंबिकापुर।** सोमवार को शहर के प्रतीक्षा बस स्टैंड में पुलिस को चकमा देकर चोरी का एक आरोपी फरार हो गया। आरोपी भीड़ का फायदा उठाकर बस से कूदकर भाग निकला। इस मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है। बताया जा रहा है कि जशपुर पुलिस ने बाइक चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था। दोनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण सीतापुर में होने के कारण पुलिस दोनों आरोपियों को पेश करने एसडीएम न्यायालय सीतापुर लेकर पहुंची थी। जहां मजिस्ट्रेट उपस्थित नहीं होने के कारण पुलिस दोनों आरोपियों को पेश करने अंबिकापुर सीजीएम कोर्ट लेकर आ रही थी। पुलिस दोनों आरोपियों को सीतापुर से बस से अंबिकापुर प्रतीक्षा बस स्टैंड पहुंची थी। इस दौरान बस स्टैंड में जैसी ही बस की रफ्तार धीमी हुई आरोपी सीतापुर के पेट निवासी छोटे गुड्डू उर्फ बागे अकरम खान आ. मिट्ठू मिया उर्फ खलील अली हथकड़ी से हाथ छुड़ाते हुए बस से कूटकर भाग निकला। इस सम्बन्ध में आरक्षक शैलेन्द्र सिंह तोमर द्वारा कोतवाली पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है। कोतवाली पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ बीएनएस की धारा 262 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

माह अप्रैल 2025

जन्मदिन उत्सव फॉर्मेट

नोट : 1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक जिन पाठकों का जन्मदिन हो अपना फॉर्मेट भरकर 25 मार्च 2025 तक जमा कर सकते हैं।

अब हर माह आप बनेंगे भाग्यशाली विजेता

महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर

प्रथम पुरस्कार: 1 तोला, 5 नग सोने का हार
द्वितीय पुरस्कार: 1 स्कूटी (EV)
तृतीय पुरस्कार: 2 नग रेफ्रीजरेटर
चतुर्थ पुरस्कार: 3 नग LED TV
सांत्वना पुरस्कार: 1100

नियम व शर्तें लागू*

कार्यालय प्रति

पाठक का नाम ________ मो.नं. ________
पिता का नाम ________ जन्मतिथि ________
स्थान ________ जिला ________
एजेंसी का नाम ________
एजेंसी का पता ________ मो.नं. ________

नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

हरिभूमि ग्राहक प्रति जन्मदिन उत्सव

पाठक का नाम ________ मो.नं. ________
पिता का नाम ________ जन्मतिथि ________
स्थान ________ जिला ________
एजेंसी का नाम ________
एजेंसी का पता ________ मो.नं. ________



## खबर संक्षेप

### लाड़ली बहना योजना ने अनीता को बनाया सशक्त

**अनूपपुर।** मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना अनूपपुर जिले के महिलाओं के लिए भी संबल बनी है। योजना के तहत प्रत्येक माह मिलने वाली 1250 रूपए की आर्थिक सहायता राशि से लाडली बहनें सशक्त होने के साथ ही परिवार का मजबूत सहारा साबित हुई हैं। योजना का लाभ प्राप्त कर महिलाओं ने परिवार की मुखिया का रूतबा भी हासिल किया है। अनूपपुर जिले की लाडली बहना अनीता केवट निवासी ग्राम हर्री फुलकोना विकासखंड़ कोतमा प्रतिमाह मिलने वाली राशि से बच्चों की स्कूल फीस जमा कर रही हैं तथा अपने परिवार की छोटी-छोटी जरूरत को खुद से पूरा कर रही हैं।

### चुनावी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने बैठक

**अनूपपुर।** जिले में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर चुनावी प्रक्रियाओं को अधिक मजबूत और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी दिलीप कुमार पाण्डेय ने की। इस दौरान चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता, मतदाता सूची के अद्यतन, निर्वाचन व्यय की समीक्षा और निष्पक्ष चुनाव कराने के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में विभिन्न राजनैतिक दलों के पदाधिकारी तथा जिला निर्वाचन कार्यालय के संजय निगम सहित अन्य संबंधित जन उपस्थित रहे।

### निर्माण कार्यों का कलेक्टर ने लिया जायजा

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने जिला मुख्यालय स्थित रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) के निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति का मौके पर जाकर निरीक्षण कर जायजा लिया। इस दौरान एसडीएम अनूपपुर सुधाकर सिंह बघेल, अधीक्षण यंत्री विद्युत श्री गोस्वामी, तहसीलदार अनूपम पाण्डेय, नायब तहसीलदार मंगलदास चक्रवर्ती सहित रेलवे, सेतु निगम के अधिकारी एवं संविदाकार उपस्थित रहे। रेलवे ओवर ब्रिज (आरओबी) के कार्यों का निरीक्षण करते हुए कलेक्टर ने जनहित में कार्यों की गति बढ़ाकर कार्यों की पूर्णता के संबंध में अधिकारियों को समय-सीमा सुनिश्चित करते हुए कार्यों की पूर्णता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता में कहीं कोई कमी न हो यह भी सुनिश्चित किया जाए।

### लू से बचाव के लिए एडवायजरी जारी

**अनूपपुर।** मध्यप्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जन-समुदाय को लू (तापघात) के प्रकोप से बचने के लिए एडवायजरी जारी की गई है। भारतीय मौसम विभाग द्वारा जारी मौसमी दृष्टिकोण के अनुसार मार्च से मई माह का तापमान औसत तापमान से अधिक होने की संभावना है। जिस कारण लू की स्थिति निर्मित हो सकती है। मध्यप्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जारी एडवाइजरी में जन सामान्य को लू से बचाव के लिए अपनाई जाने वाली सावधानियों पर प्रकाश डाला गया है। एडवाइजरी के मुताबिक पानी, छांछ, ओआरएस का घोल या घर में बने पेय जैसे लस्सी, नीबू पानी, आम का पना इत्यादि का सेवन करने से लू से बचा जा सकता है। इसके साथ ही धूप में निकलते समय सिर ढककर रखना चाहिए। धूप में निकलते समय कपड़े, टोपी या छतरी का उपयोग करना चाहिए। धूप में निकलने के पूर्व तरल पदार्थ का सेवन करना चाहिए और शरीर में पानी की कमी नहीं होने देना चाहिए।

### समाज की भागीदारी से बनेगा कोरिया बाल विवाह मुक्त

**बैकुण्ठपुर।** जिले को बाल विवाह मुक्त बनाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों, पंचायत प्रतिनिधियों, समाजसेवियों, व्यापारियों और अन्य प्रमुख लोगों ने भाग लिया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित इस एक दिवसीय कार्यशाला में बाल विवाह रोकने के प्रभावी उपायों पर चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि बाल विवाह की समस्या का स्थायी समाधान तभी संभव है, जब प्रशासन और समाज मिलकर इस कुप्रथा के खिलाफ आवाज उठाएं।

---

**विश्व गौरेया दिवस आज**

# अब शहरी इलाके में कम सुनाई देती है गौरेया की चहचहाहट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कभी लोगों के घर आंगन में गौरेया चिड़ियों की चहचहाहट सुबह होने के साथ ही सुनाई देने लगती थी और शाम ढलने के पूर्व भी इसी तरह की कलरव ध्वनी गूंजते रहता था, जो अब शहरी क्षेत्रों में कम ही गौरेया की चहचहाहट सुनाई देती, ग्रामीण क्षेत्रों में भी अब पहले जैसा गौरेया की झूंड कम होने लगी है, इसके कई कारण हो सकते हैं।

गौरेया की लगातार घट रही संख्या चिंता का विषय हो गया है, जो परिस्थितिकीय असंतुलन का संकेत तो है ही, इसके साथ ही यह हमारे पर्यावरण एवं जीवन शैली में हो रहे बदलावों को भी दर्शित करता है। विश्व में गौरेया चिड़िया की कम होती आबादी चिंता का विषय है और इसी बात को ध्यान में रखकर वैश्विक स्तर पर प्रतिवर्ष 20 मार्च को विश्व गौरेया दिवस मनाए जाने का निर्णय लिया गया। इसका उद्देश्य विश्व में घट रही गौरेया चिड़ियों के अस्तित्व को बचाने एवं लोगों में जन जानगरूकता लाना है, ताकि गौरेया चिड़िया को संरक्षित किया जा सके।



जानकारी के अनुसार पहले प्रतिदिन सुबह होने के साथ ही शहर के विभिन्न क्षेत्रों में गौरेया पक्षी की झूंड देखने को मिल जाती थी और दिन के साथ शाम ढलने केपूर्व भी गौरेया की चहकती आवाज सुनने को मिलती थी, लेकिन अब शहरों में गौरेया की आबादी कम हो गई है, वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में गौरेया की झूंड दिखाई तो देती है, लेकिन पहले जैसा झूंड अब कम ही दिखाई देती है। गौरेया की कम होती आबादी पक्षी प्रेमियों के साथ आम लोगों के लिए चिंता का विषय हो गया है, इसके लिए सरकार को समुचित उपाय अपनाए जाने की जरूरत है। गौरेया पक्षी छोटी साइज की भूरे रंग की होती है, जो तेज रफ्तार से उड़ने के लिए जानी जाती है, अब गौरेया की संख्या लगातार घट रही है जो चिंता का विषय है। प्रतिवर्ष विश्व स्तर पर गौरेया दिवस मनाए जाने के बाद भी गौरेया पक्षी के संरक्षण की दिशा में ठोस पहल नहीं हो पाई है।

### शहरीकरण से घट रही आबादी

गौरेया पक्षी की आबादी के घटने कारणों में शहरीकरण भी कुछ हद तक जिम्मेदार है। पहले लोगों के घरों, कुओं, पेड़ों पर गौरेवा अपना घोसला बनाते थे। शहरीकरण होने से शहरों में कुएं कम हो गए, मकान भी ऐसे बन रहे हैं, जहां गौरेयों को अपना घोंसला बनाने की जगह नहीं मिल रही, इसके अलावा शहरी प्रदूषण एवं पेड़ों झाड़ियों की कमी भी गौरेया की घटती आबादी के लिए जिम्मेदार है।

### मोबाइल टावर के विकरण से खतरा

गौरेया पक्षी की घटती आबादी के मुख्य कारणों में से एक मोबाइल टावर भी है। विशेषज्ञों के अनुसार मोबाइल टावर के विकरण पक्षियों के स्वास्थ्य के लिए काफी खतरनाक साबित हो रहा है। गौरेया पक्षी की घटती संख्या के लिए मोबाइल टावर का विकरण प्रमुख कारणों में से एक है इसके अलावा फसलों में कीटनाशकों का उपयोग भी गौरेया की घटती आबादी के लिए जिम्मेदार है।

---

**लोक निर्माण विभाग से 6 करोड़ की मिली स्वीकृति, शीघ्र शुरु होगा कार्य**

# हादसों का गढ़ धनुहर नाले पर होगा पुल निर्माण



धनुहर नाला।



धनुहर नाले पर आपस में भिड़ गए थे ट्रक, कड़ी मशक्कत बाद शुरू हुआ आवागमन

18 घंटे तक बैकुंठपुर-खड़गवां-बिलासपुर मार्ग रहा जाम

हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला मुख्यालय से करीब 10 किमी दूर बैकुंठपुर से बिलासपुर मार्ग पर स्थित धनुहर नाला वर्षों से हादसों का गढ़ बना हुआ था। यहां संकरी पुल, जलभराव और खराब सड़क व्यवस्था के कारण यहां अक्सर दुर्घटनाएं होती रही हैं, जिसमें कई लोगों की जान भी जा चुकी है।

खासकर बारिश के दिनों में नाला उफान पर होने के कारण यात्री और ग्रामीण जान जोखिम में डालकर इसे पार करने को मजबूर होते थे। अब बैकुंठपुर से बिलासपुर मार्ग पर स्थित धनुहर नाला पर जल्द ही उच्चस्तरीय पुल का निर्माण किया जाएगा। बैकुंठपुर विधायक भईयालाल राजवाड़े की पहल और कलेक्टर चंदन त्रिपाठी के प्रयासों से इस महत्वपूर्ण परियोजना को मंजूरी मिली है। छग शासन के लोक निर्माण विभाग ने इस पुल के लिए 609.31 लाख रूपए (6 करोड़ 9 लाख रूपए) की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। विदित हो कि इस गंभीर समस्या को लेकर हरिभूमि ने लगातार समाचार प्रकाशित कर शासन-प्रशासन का ध्यान आकृष्ठ कराया था।

### भारी वाहनों के कारण होते थे हादसे

धनुहर नाला पर बना पुराना पुल बेहद संकरा था, जिससे भारी वाहनों के गुजरने में कठिनाई होती थी। कई बार तेज रफ्तार ट्रकों और बसों के कारण यहां हादसे हुए। जलभराव और अंधे मोड़ के कारण आए दिन दोपहिया वाहन फिसलकर गिरते थे। स्थानीय लोगों ने कई बार पुल निर्माण की मांग की, लेकिन अब तक इसे अनसुना किया जाता रहा था। हर चुनाव में यह मुद्दा उठता, लेकिन काम नहीं होता था। ग्रामीणों को बरसात में घंटों तक सड़क खुलने का इंतजार करना पड़ता था, जिससे आपातकालीन स्थिति में मरीजों को अस्पताल पहुंचाने में भी दिक्कतें होती थीं।

### विकास कार्यों को मिली रफ्तार



जिले के विकास को लेकर विष्णुदेव सरकार और प्रशासनिक अधिकारी बेहद गंभीर हैं। यह पुल क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी मांग थी, जिसे पूरा किया जा रहा है। यह बैकुंठपुर और बिलासपुर के बीच यातायात व्यवस्था को और बेहतर बनाएगा।

**-भईयालाल राजवाड़े**
विधायक बैकुंठपुर

### लोगों को मिलेगा लाभ



यह पुल केवल आवागमन का साधन नहीं होगा, बल्कि स्थानीय व्यापार और आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा देगा। शासन की प्राथमिकता है कि हर आवश्यक अधोसंरचना को समय पर पूरा किया जाए। अब क्षेत्रवासी जल्द ही इस महत्वपूर्ण पुल के निर्माण कार्य की शुरूआत होते देखेंगे, जिससे उनकी रोजमर्रा की जिंदगी आसान होगी।

**-श्रीमती चंदन त्रिपाठी,** कलेक्टर कोरिया

---

# पंचायत सचिव हड़ताल पर कामकाज प्रभावित



हड़ताल में बैठे पंचायत सचिव।

**बैकुण्ठपुर।** भाजपा सरकार में मोदी की गारंटी पूरी नहीं होने की बात कहकर ग्राम पंचायत सचिव संघ प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं, इसके कारण ग्राम पंचायतों का कामकाज प्रभावित हो रहा है।

जानकारी के अनुसार छग पंचायत सचिव संघ जिला कोरिया ईकाई द्वारा बीते दिनों कलेक्टर को ज्ञापन देकर अवगत कराया कि मोदी की गारंटी पूरा नहीं करने के कारण जिले के समस्त सचिव 18 मार्च से जनपद मुख्यालय में अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं, इसके बाद आगामी 1 अप्रैल को मंत्रालय घेराव करने की सूचना दी। कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि विधानसभा चुनाव वर्ष 2023-24 में हुए चुनाव में मोदी की गारंटी में पंचायत सचिवों को शासकीय करण करने का वादा किया गया था और पंचायतों में कार्यरत सचिवों को शासकीयकरण करने की गारंटी दी गई थी ,लेकिन आज तक इस दिशा में ठोस कदम सरकार के द्वारा नहीं उठाया गया ,इससे क्षुब्ध होकर प्रदेश नेतृत्व के द्वारा 17 मार्च को विधानसभा घेराव एवं इसके बाद जनपद मुख्यालयों में पंचायत सचिव मोदी की गारंटी पूरा करने की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं।

---

# अपराधियों पर कसा शिकंजा, 50 लीटर अवैध शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले के थाना पटना क्षेत्र में पुलिस ने एक विशेष कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया, इसमें अपराधियों पर शिकंजा कसते हुए 50 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त की गई। इस अभियान का उद्देश्य क्षेत्र में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण, कानून-व्यवस्था की मजबूती और अवैध गतिविधियों पर रोकथाम था।

- कोरिया पुलिस का व्यापक कॉम्बिंग गश्त अभियान

जानकारी के अनुसार गिरफ्तारी वारंट तामील 04, आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण 12 (50 लीटर महुआ शराब जब्त), प्रतिबंधात्मक कार्रवाईः 13, निगरानी बदमाशों की जांच- 5, गुंडा बदमाशों की चेकिंग- 6, दीगर राज्यों के संदिग्ध व्यक्तियों की जांच- 7 कार्रवाई की गई। इस अभियान में पांच विशेष पुलिस टीमें बनाई गईं, जिन्होंने संदिग्ध स्थानों और अपराध संभावित क्षेत्रों में सघन चेकिंग और धरपकड़ अभियान चलाया, इससे अपराधियों में हड़कंप मच गया और कई गुंडा बदमाशों पर कानूनी शिकंजा कसा गया। इस कार्रवाई का संचालन पुलिस महानिरीक्षक अंकित गर्ग और पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे के निर्देशानुसार किया गया। अभियान का नेतृत्व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल ने किया। इसके अलावा डीएसपी श्रीमती आशा सेन, श्याम मधुकर, जेपी भारतेंदु, थाना प्रभारी विनोद पासवान समेत 100 से अधिक पुलिसकर्मियों ने इस अभियान में भाग लिया।



गिरफ्तार आरोपी।

### यहां हुई कार्रवाई

पुलिस की टीमों ने पटना क्षेत्र के कुड़ेली, बुढ़ार, तेंदुआ छिंदियां, रनई, डुमरिया, जमगहना, महोरा, खाड़ा, खोडरी, डबरीपारा, तरगवां, कटकोना, अंगापुटा, मुरमा, बरदिया, गिरजापुर, पंडोपारा, टेंगनी, सावारावां और पटना लोकल में गश्त कर अपराधियों को धर दबोचा।

---

# गुलाबी साड़ियों में सजी महिलाओं की टीम ने खेली होली

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

नगर में भारतीय संस्कृति के रंगों से सराबोर होली और रंग पंचमी के अवसर पर डॉ.रश्मि सोनकर और उनकी टीम ने अनूठे अंदाज में उत्सव मनाया। सभी महिलाओं ने विगत चार वर्षों से अनवरत हनुमान चालीसा पाठ व भजन में शामिल होकर अपने सनातन संस्कृति को सहेजने में अहम भूमिका निभाई और गुलाबी साड़ियों में सज-धज कर नगर के मंदिर स्थित हनुमान चालीसा समिति के सभी सदस्यों के साथ रंग पंचमी का त्योहार फूलों की होली केसरिया रंग पहनकर होली खेली और पारंपरिक गीतों पर नृत्य किया।

समारोह में गुलाल और फूलों की होली खेली गई, जिससे माहौल भक्तिमय और हर्षोल्लासपूर्ण हो गया। रश्मि सोनकर ने कहा कि यह आयोजन भारतीय परंपराओं को सहेजने और समाज में सामूहिकता की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए किया गया। कार्यक्रम में शामिल महिलाओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर प्रेम और सौहार्द का संदेश दिया। ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच उत्सव में भांगड़ा और गरबा की धुनों पर भी सभी झूम उठे।

डॉ.रश्मि सोनकर की टीम ने इस आयोजन को महिला सशक्तिकरण से भी जोड़ा, जिससे समाज में सकारात्मक संदेश गया। पूरे आयोजन में आनंद, उल्लास और संस्कृति की झलक देखने को मिली। इस अवसर पर श्री हनुमान चालीसा समिति की डॉ. रश्मि सोनकर, शीला सिंह, आरती शिवहरे, ममता नामदेव, सुनीता चतुर्वेदी, नीलम सोनी, पूजा पटेल, अनामिका पटेल सहित श्रद्धालु काफी संख्या में मौजूद रहे।



होली खेलती महिलाएं।

---

### छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाइन आवेदन 26 तक

**बैकुण्ठपुर।** शिक्षा सत्र 2024-25 के लिए जिले में जिले के निवासी जो छग राज्य से बाहर अध्ययनरत संचालित समस्त शैक्षणिक शासकीय व अशासकीय महाविद्यालय, मेडिकल, कृषि, वेटनरी, पॉलीटेक्निक कॉलेज, आईटीआई, नर्सिंग, डीएड एवं बीएड में अध्ययनरत जिनका संस्थाओं में प्रवेश विलंब से हुआ है, जिन पाठ्यक्रमों का परीक्षा परिणाम विलंब से हुआ है, ऐसे अनुसूचित, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए पात्र होंगे। ऑनलाइन आवेदन वेबसाइट पर किया जा सकता है। आदिवासी विकास के सहायक आयुक्त ने बताया कि ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए नवीन एवं नवीनीकरण ऑनलाइन आवेदन के लिए अंतिम तिथि 26 मार्च तक निर्धारित है।

# अजय प्रदेश उपाध्यक्ष, शैलेन्द्र बने प्रदेश मंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

छग चेंबर ऑफ कॉमर्स की प्रदेश इकाई में महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं, इसके तहत अजय गुप्ता को प्रदेश उपाध्यक्ष और शैलेन्द्र शर्मा को प्रदेश मंत्री के पद पर नियुक्त किया गया है। इन नियुक्तियों से व्यापार जगत में उत्साह का माहौल है।

इस अवसर पर राजेश राज गुप्ता, राधेश्याम जायसवाल, मनोज गुप्ता, अशोक गुप्ता सहित अन्य लोग मौजूद रहे। शहर के व्यवसायी अजय गुप्ता और शैलेन्द्र शर्मा दोनों ही लंबे समय से व्यापारिक गतिविधियों से जुड़े रहे हैं। उनके नेतृत्व में व्यापारियों की समस्याओं के समाधान, व्यापारिक नीतियों के विकास और स्थानीय व्यापार को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इन नियुक्तियों को कोरिया जिले के व्यापारिक संगठनों ने सकारात्मक कदम बताया है। व्यापारियों का मानना है कि अजय गुप्ता और शैलेन्द्र शर्मा के अनुभव और नेतृत्व क्षमता से व्यापारिक गतिविधियों में तेजी आएगी और स्थानीय कारोबारियों को लाभ मिलेगा। व्यापारियों ने उम्मीद जताई है कि दोनों नेता व्यापारिक हितों की रक्षा के लिए प्रभावी नीतियां लाएंगे और सरकार व प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर व्यापारियों की समस्याओं का समाधान करने में अहम भूमिका निभाएंगे। छग चेंबर ऑफ कॉमर्स में इन महत्वपूर्ण नियुक्तियों के बाद अब व्यापारिक समुदाय को नई योजनाओं और निर्णयों का इंतजार है, जिससे प्रदेश के व्यापार और अर्थव्यवस्था को और अधिक मजबूती मिलेगी।

### वाक इंटरव्यू व कौशल परीक्षा स्थगित

**मनेन्द्रगढ़।** भारत सरकार द्वारा एकीकृत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम अंतर्गत महिलाओं के सुरक्षा, संरक्षण एवं सशक्तिकरण के लिए अम्ब्रेला योजना के तहत मिशन शक्ति की शुरूआत की गई है। मिशन शक्ति अंतर्गत जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप जिला स्तरीय हब के लिए जिले में 7 स्वीकृत संविदा पदों की पूर्ति के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों के परीक्षण/मूल्यांकन उपरांत पात्र-अपात्र सूची का प्रकाशन किया गया। पात्र उम्मीदवारों का वाक इंटरव्यू/कौशल परीक्षा 20 मार्च को प्रातः 11 बजे से स्थान स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल, मनेन्द्रगढ़ में आयोजित की गई थी। चूंकि कुछ तकनीकी कारणों से कौशल परीक्षा तथा वाक इंटरव्यू संबंधित विस्तृत निर्देश जिले की वेबसाइट पर अपलोड नहीं किए जा सके, इस कारण 20 मार्च को आयोजित वाक इंटरव्यू/कौशल परीक्षा को स्थगित कर दिया गया है।

---

**कलेक्टर ने सभी लंबित कार्यों को पूर्ण करने के दिए निर्देश**

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह 22 को चिरमिरी में

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेंद्रगढ़

कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने बुधवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक में विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा की।

बैठक में हाईकोर्ट में लंबित प्रकरणों, विभागीय महत्वपूर्ण पत्रों, पिछले शिविर के लंबित मुद्दों, डीएमएफ कार्यों की प्रगति, जन शिकायतों, जन चौपाल और पीएम पोर्टल की स्थिति की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जिले में दौरा प्रस्तावित है, जिसके पहले सभी विभागों को छह माह से लंबित कार्यों को पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। शिक्षा विभाग को पांच अतिरिक्त कक्षों के साथ कृषि, क्रेड़ा और स्वास्थ्य विभाग को अपना एस्टीमेट तैयार कर भेजने को कहा गया है। डीएमएफ की बैठक अगले माह आयोजित होगी। वन विभाग को जिले के कृष्ण कुंज स्थलों के बेहतर रख-रखाव और नए पौधों के रोपण के निर्देश दिए गए हैं। आरटीओ कैप का उद्घाटन मंत्री से कराने की बात कही गई है। सभी सरकारी विभागों को ईमेल आईडी जनरेट करने के लिए निर्देशित किया गया है, ताकि सरकारी कार्यों में सुगमता आ सके। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 22 मार्च को चिरमिरी में और 27 मार्च को भरतपुर में मुख्यमंत्री कन्या विवाह का आयोजन होगा। वहीं अपर कलेक्टर अनिल कुमार सिदार ने बताया कि न्यू कलेक्ट्रेट ऑफिस के लिए आवंटित भूमि का खसरा नंबर उपलब्ध कराने को कहा गया है और यदि किसी की निजी जमीन इसमें आ रही है तो राजस्व विभाग को कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। सर्किट हाउस, रिकॉर्ड रूम और जिला पंचायत भवन के लिए भूमि आवंटन पर चर्चा हुई। केल्हारी और कोटाडोल तहसील कार्यालयों में वॉशरूम निर्माण के निर्देश दिए गए हैं। गर्ल्स कॉलेज, नवोदय विद्यालय और खड़गवां में स्वास्थ्य और आयुष विभाग के लिए जमीन आवंटन पर चर्चा हुई। डंगौरा में मेंटल हॉस्पिटल के लिए आवंटित भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने के निर्देश दिए गए हैं। खेल मैदान के लिए 20 एकड़ की मांग में से 13 एकड़ जमीन आवंटित की जा चुकी है, शेष 7 एकड़ के लिए कार्रवाई जारी है। मनेन्द्रगढ़ में सामुदायिक भवन, गार्डन और अंबेडकर भवन के लिए भूमि चिन्हांकन करने के निर्देश दिए गए हैं। साल्ही में फायरिंग रेंज, जेल रोड में संग्रहालय, पुराने खसरों में सुधार, नए फिल्टर प्लांट की स्थापना, जलाशय, लघु जलाशय और नहरों के कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। बिहारपुर में बकरी फार्म और पोल्ट्री फार्म की भी चर्चा हुई। वहीं सभी विभागों को अटल पोर्टल पर लॉगिन करने और अपनी योजनाओं को अपलोड करने के निर्देश दिए गए हैं। एसडीएम और तहसीलदारों को हर टीएल बैठक में राजस्व विभाग की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा गया है।




बैठक लेते कलेक्टर।

---

# जलते हुए माइंस से रिकॉर्ड कोयला उत्पादन, 95 करोड़ का मुनाफा

**डोमनहिल।** एसईसीएल (साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड) के डोमनहिल-चिरमिरी ओपन कास्ट माइंस (ओसीएम) ने वर्ष 2024-25 में 14 लाख टन के लक्ष्य को पार करते हुए 14.75 लाख टन कोयला उत्पादन किया है। यह उपलब्धि जांबाज कर्मचारियों और प्रशिक्षित महिलाओं की मेहनत का परिणाम है। 5 वर्षों के अंतराल के बाद इस माइंस ने 95 करोड़ रूपए का लाभ अर्जित किया है, जिससे क्षेत्र के स्थायित्व को मजबूती मिलेगी। डोमनहिल-चिरमिरी ओसीएम एसईसीएल की एकमात्र फायर माइंस है, जहां कोयला उत्पादन बीते 5 दशकों से जलती हुई भूमि के बीच जारी है। 1928 से इस माइंस से कोयला निकाला जा रहा है, लेकिन 1973 में भूमिगत खदान में भीषण आग लगने के बाद 1975 में इसे बंद करना पड़ा। इसके बावजूद 1976 में सीएमपीडीआईएल के मार्गदर्शन में इस जलते हुए माइंस से ओपन कास्ट विधि द्वारा कोयला निकालने की प्रक्रिया शुरू की गई।



### महिला श्रमिकों की साहसिक भूमिका

इस कठिन कार्य में पुरुषों के साथ-साथ 52 प्रशिक्षित महिलाएं भी ब्लास्टिंग कार्य में जुटी हैं। इन महिलाओं ने बताया कि वे 10 से 20 वर्षों से इस जोखिम भरे कार्य में पूरी सतर्कता और निडरता के साथ योगदान दे रही हैं। खान प्रबंधक संतोष कुमार ने बताया कि महिलाएं पुरुषों की तुलना में अधिक सजगता और दक्षता से कार्य कर रही हैं, जिससे अब तक कोई अप्रिय घटना नहीं हुई है।

### आग बुझाने के वैज्ञानिक उपाए

खदान में लगी आग को नियंत्रित करने के लिए ओवरबर्डन हटाकर गैलरी खोलने और पिलर में जल रही आग को पानी से बुझाने जैसी वैज्ञानिक तकनीकों का उपयोग किया गया है। उप क्षेत्रीय प्रबंधक मनीष सिंह ने बताया कि अब भी 10 मिलियन टन कोयला इस जलती माइंस में दबा हुआ है, जिसे निकालने में लगभग 7 वर्ष का समय लगेगा। कोयला उत्पादन को और सुरक्षित और प्रभावी बनाने के लिए 120 हेक्टेयर वनभूमि को वन परिवर्तन विभाग से लेने की प्रक्रिया जारी है, इसे प्राप्त करने के बाद 4 करोड़ की लागत से 3.5 किमी लंबी सड़क का निर्माण किया जाएगा, जिससे क्षेत्र के निवासियों को सुविधाएं मिलेंगी। घाटे में चल रही यह माइंस अब लाभ की स्थिति मे पहुंच गई है, जिससे क्षेत्र के स्थायित्व को बल मिलेगा। प्रबंधन अब अन्य बंद पड़ी खदानों को पुनः चालू करने की दिशा में भी प्रयास कर रहा है, जिससे आने वाले समय में चिरमिरी और कोरिया क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलने की उम्मीद है।

## खबर संक्षेप



### जनपद कार्यालय परिसर में चलाया गया सफाई अभियान

**राजपुर।** जनपद कार्यालय परिसर व राजस्व कार्यालय में सफाई अभियान चलाया गया। जनपद पंचायत राजपुर के प्रभारी एसडीओ जेआर सोनवानी के प्रभार में आते ही मुख्यालय से लगे ग्राम पंचायत में बूढ़ाबगीचा के जनपद कार्यालय परिसर एवं राजस्व कार्यालय परिषद से जेसीबी से साफ सफाई कर मॉडल बनाने के लिए सरपंच के सहयोग से आरईएस एसडीओ जे. आर. सोनवानी से मार्गदर्शन लेकर मॉडल बनाने का काम शुरू किया है। प्रभारी एसडीओ इसी तरह से आगे भी अन्य पंचायत में कार्य करने की बात कही है। इस अवसर में राजपुर तहसीलदार अश्वनी कुमार चंद्र, सरपंच सुषमा मरावी, उपसरपंच दीपेश गर्ग व अन्य जनप्रतिनिधि व कर्मचारी थे।

### हाईवा के चपेट में आकर घायल बच्चे की उपचार के दौरान मौत

**अंबिकापुर।** बलरामपुर जिले के राजपुर अंतर्गत गाम लाऊ निवासी जीवत गोंड का डेढ़ वर्षीय पुत्र प्रिंस 18 मार्च की दोपहर 3 बजे हुकुम सिंह के क्रेशर प्लांट के पास खेल रहा था। इसी दौरान गिट्टी परिवहन कार्य में लगे हाइवा क्रमांक सीजी 15 एसी 2895 का चालक वाहन को बैक करने लगा। इसी दौरान वाहन का पहिया बच्चे के जांघ पर चढ़ गया। बच्चे के रोने की आवाज सुनकर आसपास मौजूद लोग व परिजन मौके पर पहुंचे। घायल बच्चे को आनन फानन में उपचार के लिए बरियों स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया था जहां से उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया। मेडिकल कॉलेज में जांच के बाद चिकित्सक ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

## निधन

### शिवकुमार श्रीवास्तव



**रामानुजगंज।** कृषि उपज मंडी समिति के सेवानिवृत्त लेखापाल शिवकुमार श्रीवास्तव का बुधवार को सुबह निधन हो गया। वे 70 वर्ष के थे। ह्रदयघात आने के कारण उनकी सांसे रूक गई। वे अपने पीछे दो पुत्र एवं दो पुत्री का भरापूरा परिवार छोड़ गए है। वे राजन श्रीवास्तव एवं राजेश श्रीवास्तव के पिता थे। उनकी अंतिम यात्रा में नपा अध्यक्ष रमन अग्रवाल, पूर्व मंडी सचिव वीरेंद्र ठाकुर सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित हुए।

### नंदकिशोर सिंह



**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर के रेहर भूमिगत खदान में एमटीके के पद से गत 31 दिसंबर को सेवानिवृत्त हुए कोलकर्मी नंदकिशोर सिंह का बुधवार को अपोलो अस्पताल बिलासपुर में उपचार के दौरान निधन हो गया। वे पिछले करीब करीब डेढ़ वर्षों से किडनी की बीमारी से ग्रस्त थे। कुछ दिनों पूर्व अचानक तबियत बिगड़ने के बाद उन्हें अपोलो बिलासपुर में भर्ती कराया गया था जहां बुधवार की दोपहर उन्होंने अंतिम सांस ली। देर रात तक उनके रेलवे स्टेशन रोड कुंजनगर बिश्रामपुर स्थित निज निवास में शव के पहुंचने के बाद गुरुवार को उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा।

## शक्कर कारखाना प्रबन्धन को पहुंच रहा नुकसान

# अवैध रूप से संचालित किए जा रहे हैं खांडसारी उद्योग

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

**खास बातें**

- प्रशासन भी नहीं कर रहा कार्रवाई
- अवैध रूप से गन्ना खरीदी कर बना रहे गुड, दूसरे राज्यों में हो रही सप्लाई

मां महामाया शक्कर कारखाना के निजीकरण की चर्चाओं के बीच क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध खांडसारी गुड फैक्ट्रियों का संचालन किया जा रहा है। कोचियों द्वारा अवैध रूप से संचालित गुड फैक्ट्री में किसानों का गन्ना खरीदकर गुड तैयार किया जा रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि खुलेआम संचालित इन अवैध खांडसारी उद्योगों की जानकारी जिला प्रशासन से लेकर शक्कर कारखाना प्रबन्धन को है लेकिन इस मामले में किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है जिससे अधिकारियों की कार्यशैली भी सवालों के घेरे में आ गई है।

बता दें कि मां महामाया शक्कर कारखाना में सरगुजा के गन्ना किसानों द्वारा अपनी फसल बेचीं जारी है और इसी गन्ने से प्रबन्धन द्वारा शक्कर का उत्पादन किया जाता है। सरगुजा संभाग का मां महामाया शक्कर कारखाना जो कभी अपनी बेहतरीन शक्कर और मिठास के लिए पूरे छत्तीसगढ़ में प्रसिद्ध था, आज घाटे की मार झेल रहा है। गन्ने की सही मात्रा में आपूर्ति न होने से उत्पादन औसत से भी कम हो गया है। गन्ने का रकबा अधिक होने के बावजूद भी अवैध गुड़ फैक्ट्रियों के चलते शक्कर कारखाना अपनी पूरी क्षमता से उत्पादन नहीं कर पा रहा है। यही वजह है कि अब इस फैक्ट्री के निजीकरण की चर्चाएं चल रही है। प्रतापपुर क्षेत्र की बात की जाए तो विकासखंड के पंछी दाढ़,तुलसी, मोहनपुर, बोझा, चाची, दुप्पी गोटगावा, सीधमा, कल्याणपुर, सिलौटा, सहित 50 से अधिक स्थानों पर अवैध रूप से खांडसारी उद्योग चलाया जा रहा है। अवैध रूप से संचालित खांडसारी उद्योग का कारोबार कितना बड़ा है इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकत है कि एक एक अवैध खांडसारी उद्योग में हजारों टैक्टर गन्ना की आपूर्ति की जा रही है। इन फैक्ट्रियों में हजारों क्विंटल गुड का उत्पादन किया जा रहा है और गुड को अन्य राज्यों में बेचा जा रहा है। अवैध रूप से संचालित गुड फक्ट्री में करोड़ो रूपए का कारोबार हो रहा है है और इसका सीधा असर शक्कर कारखाना प्रबन्धन और शासन के राजस्व पर पड़ रहा है। अधिकारियों की लापरवाही और मिलीभगत के कारण इस अवैध कारोबार के कारण मां महामाया शक्कर कारखाना घाटे में पहुंच रहा है।



अवैध गुड़ फैक्ट्री में गन्ना विक्रय करते किसान।



खुले में गुड़ बनाते मजदूर।

### जानकारी के बाद भी कार्रवाई नहीं

बता दें कि जिला प्रशासन और कलेक्टर का सख्त आदेश है कि अवैध रुप से खांडसारी उद्योग का संचालन नहीं किया जाएगा लेकिन कलेक्टर के आदेश की अनदेखी कर क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अवैध खांडसारी उद्योग संचालित करने दिया जा रहा है। ऐसा नहीं है कि जिम्मेदार अधिकारीयों को इसकी जानकारी नहीं है। बेखौफ संचालित इस कारोबार के बारे में अच्छी तरह से जानने के बाद भी अधिकारियों द्वारा इसपर अंकुश लगाने की दिशा में कोई कार्रवाई नहीं की गई और यही वजह है कि अधिकारियों की कार्यशैली भी सवालों के घेरे में आ गई है।

### दी गई है जानकारी

इस विषय में हमने कई बार अधिकारियों को जानकारी दी है। अब अवैध गुड़ कारोबारियों पर छापेमारी कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। हम जल्द ही कलेक्टर सूरजपुर से मिलकर टीम गठित करने की अनुशंसा करेंगे।

काशदीप पात्रो,
एमडी मां महामाया शक्कर कारखाना

### की जाएगी कार्रवाई

जिले में अवैध खांडसारी फैक्ट्रियों के खिलाफ टीम गठित कर छापा मारा जाएगा। प्रतिबंधित क्षेत्र में संचालित इन फैक्ट्रियों पर सख्त कार्रवाई होगी।

- ललिता भगत, एसडीएम



# किराना दुकान व कार वाशिंग सेंटर में चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

- सीसीटीवी कैमरे का एंगल बदला, पहले दो नकाबपोशों ने की रेकी

जिले में अपराधियों के हौसले लगातार बढ़ते जा रहे है। अब चोरों ने कलेक्टर कार्यालय से 10 मीटर की दूरी पर स्थित किराना दुकान में चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है।

बता दें कि माता कर्मा चौक के सामने सईद अहमद की स्वागत सेल्स के नाम से किराना दुकान संचालित है। मंगलवार की रात व्यवसायी दुकान बंद कर घर चले गए थे। बुधवार की सुबह जब सईद अहमद दुकान पहुंचे तो शटर का ताला टूटा हुआ था। जब उन्होंने शटर उठाकर देखा तो अन्दर सारा सामान बिखरा पड़ा था। चोरों ने किराना दुकान से किराना सामान, दो मोबाइल फोन, सिगरेट, तेल और अन्य सामान की चोरी की है। इसके साथ ही किराना दुकान के बगल में स्थित कार वाशिंग दुकान को भी चोरों ने निशाना बनाया है। चोर दो गाड़ियों की बैटरी और अहम पाट्र्स लेकर फरार हो गए है। चोरों ने शातिर तरीके से वारदात को अंजाम दिया है। बताया जा रहा है कि दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों के एंगल को बदल दिया जाति किसी की तस्वीर उसमें कैद ना हो सके और उनकी पहचान ना हो। हालांकि सीसीटीवी में दो नकाबपोश चोर कैद हुए है जो चोरी से पहले दुकान की रेकी करने पहुंचे थे। इस घटना से व्यवसायियों में हडकंप मच गया है। वहीं घटना से पुलिस की कार्यप्रणाली और रात्रिगस्त की व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो गये है।फिलहाल पुलिस द्वारा मामले की जांच शुरू कर दी गई है लेकिन अब तक चोरों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

# सीएचसी में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने अभाविप ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

- तीन दिनों में मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में व्याप्त समस्याओं और बदहाली को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपा है। अपने ज्ञापन में उन्होंने सीएचसी में स्वीकृत पदों की तुलना चिकित्सकों की कमी, निजी क्लीनिकों से व्यापार और मरीजों की खराब स्थिति पर प्रशासन से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान अभाविप जिला संयोजक पलाश पाण्डेय ने कहा कि लखनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थिति गंभीर है। यहां पर स्त्री रोग विशेषज्ञ की कमी, डॉक्टरों की लापरवाही है और मरीजों को निजी क्लीनिकों और लैबों में भेजने की प्रथा से स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित हो रही हैं। उन्होंने शासन-प्रशासन से आह्वान किया है कि स्वास्थ्य और शिक्षा, दोनों बुनियादी सुविधाएं हैं जिनकी व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता पर होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सीएचसी में तत्काल स्त्री रोग विशेषज्ञ, नेत्र रोग विशेषज्ञ सहित अन्य महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्तियां की जाएं। डॉक्टरों की लापरवाही और निजी प्रैक्टिस की निष्पक्ष जांच कर सख्त कार्रवाई की जाए। मरीजों को निजी लैबों में भेजने की प्रथा पर पूर्ण रूप से रोक लगाई जाए। स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और प्रभावशीलता को सुनिश्चित किया जाए। यदि तीन दिनों के भीतर मांग पर कार्रवाई नहीं की जाति है तो परिषद द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस दौरान नगर सह मंत्री राहुल साहू, रघुवीर नगर, प्रिंस यादव, अभिषेक साहू, अभिषेक यादव, गुफरान, मंत्री अनुज, विवेक साहू सहित अन्य मौजूद थे।



# अज्ञात बदमाशों ने जयनगर शासकीय स्कूल के पिछले हिस्से में लगाई आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- स्कूली बच्चों के पानी सप्लाई के पाइप जलकर हुए क्षतिग्रस्त
- स्थानीय ग्रामीणों द्वारा समय पर आग के काबू पा लेने से बड़ी दुर्घटना टली

असामाजिक तत्वों द्वारा आज बुधवार की सुबह स्कूल के पीछे दीवार समीप आग लगा दिए जाने से स्कूली बच्चों के पानी सप्लाई का पाइप क्षतिग्रस्त हो गया है।इस दौरान स्थानीय ग्रामीणों की मदद से तत्काल आग पर काबू पाने से एक बड़ी अनहोनी टल गई।

गौरतलब है कि ग्राम जयनगर के साप्ताहिक बाजार समीप संचालित शासकीय प्राथमिक शाला दर्रीपारा के पीछे बुधवार की सुबह अज्ञात बदमाशों द्वारा आग लगा दी गई। आग लगने उपरांत धुंआ देखकर बाजु के ग्रामीण ने तत्काल अपने घर के पाइप कनेक्शन से आग को बुझाया, समय पर आग को काबू पा लेने से एक बड़ी अनहोनी टल गई। बताया गया कि आगजनी की घटना में स्कूली बच्चों के पानी सप्लाई के पाइप जलकर क्षतिग्रस्त हो गए हैं।




जयनगर शासकीय स्कूल, इनसेट में आग से क्षतिग्रस्त पाइप।

### तहसीलदार ने राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों से चुनाव के संबंध में लिया सुझाव

**धौरपुर।** तहसीलदार ने प्रमुख राजनीतिक दल के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर लोकसभा, विधानसभा एवं पंचायत चुनाव के संबंध में सुझाव मांगा। तहसीलदार चित्ररेखा के चंद्रवंशी ने मुख्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर प्रमुख राजनीतिक दल के पदाधिकारियों की बैठक लेकर चुनाव संबंधी सुझाव लिए। उपस्थित पार्टी पदाधिकारियों ने मतदाता सूची सुधार के लिए ग्राम पंचायत के ग्राम सभा आयोजित कर प्रकाशन करने का सुझाव दिया। कांग्रेस के पदाधिकारी ने मतपत्र से चुनाव कराने एवं परिसीमन जातिगत जनसंख्या के आधार पर करने का सुझाव दिया। इस दौरान बीजेपी के राजू मानिकपुरी कांग्रेस के वीरेंद्र सिंह, आप पार्टी के सीता राम मानिकपुरी सहित अन्य दल के सदस्य उपस्थित थे।











न्यायालय तहसीलदार राजपुर, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)

रा.प्र.क्र.-----ब-121/2024-25
ग्राम- जिगड़ी तहसील राजपुर

-:: ईश्तहार::-

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अनुरंजन एक्का आ. रंजीत एक्का जाति उरांव निवासी ग्राम जिगड़ी थाना तहसील राजपुर जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज द्वारा आवेदक अपने दादा स्व. ईश्वरदत्त एक्का की मृत्यु ग्राम जिगड़ी में दिनांक 15.08.2004 को हुआ है। किन्तु जन्म / मृत्यु पंजीयन कार्यालय में नियत समय में अज्ञानता वश कार्य व्यस्तता के कारण पंजीयन नहीं करा पाने के कारण पंजीयन हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र पेश है। जो न्यायालय में मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु विचाराधीन है।

आवेदक के द्वारा प्रस्तुत आवेदन पर यदि किसी अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेशी तिथि 28/03/2025 के पूर्व इस न्यायालय में आपत्ति पेश कर सकता है नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त होने वाले दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

कार्यपालिक दण्डाधिकारी
राजपुर, जिला-बलरामपुर

### सिलफिली में खाटू श्याम कीर्तन महोत्सव 3 अप्रैल को

**मदनपुर।** श्री श्याम सेवा समिति सिलफिली द्वारा आगामी 3 अप्रैल को स्थानीय हाई स्कूल ग्राउंड में चतुर्थ संकीर्तन महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष शुभम अग्रवाल ने बताया कि श्याम रस की अलख जगाने के लिए श्याम जगत के भजन प्रवाहकों को आमंत्रित किया गया है, जिसमें रजनी राजस्थानी जयपुर, यदि किशोरी मुंबई, आयुष सोमानी जयपुर, बाबा श्याम की अलख जगाएंगे। कीर्तन में सूरजपुर के पप्पू महाराज और श्याम मंदिर के राम जी उपाध्याय उपस्थित रहे। महोत्सव को भव्य रूप देने में समिति के सदस्य जोर-शोर से लगे हैं। बाबा श्याम दरबार हेतु उड़ीसा के सेवकों को आमंत्रित किया गया है। बाबा के श्रृंगार हेतु विभिन्न राज्यों से फूल मंगवाने की तैयारी है। कीर्तन में श्याम रसोई, इत्र वर्षा, छप्पन भोग की व्यवस्था होगी। आयोजन की तैयारियों में समिति के संरक्षक संजय मित्तल, शुभम अग्रवाल, धीरज विश्वास, अमन अग्रवाल, शुभम गोयल, कृष्णा गुप्ता, राजकुमार बैरागी, अभिषेक कुशवाहा, शशिकांत भगत, सुभाष विश्वास, नीरज अग्रवाल, धीरज अग्रवाल, अनूप विश्वास, दीपक कुशवाहा, सुरज कुशवाहा, रोहित, साहिल, अभिषेक आदि लगे हुए है।





























## खबर संक्षेप



### माणिक चंद्र पेंशनर्स महासंघ के जिलाध्यक्ष डॉ.वैश्य संयोजक नियुक्त

**अम्बिकापुर।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बीके वर्मा के मुख्य आतिथ्य और प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र नामदेव की अध्यक्षता में संगठन के विस्तार और पेंशनरों की समस्याओं के निदान को लेकर पंचायत प्रशिक्षण केंद्र बौरीपारा में बुधवार को पेंशनरों की बैठक हुई। बैठक में पशुपालन विभाग के सेवानिवृत्त उपायुक्त माणिक चंद्र को संगठन का जिला अध्यक्ष तथा सेवानिृत्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एसपी वैश्य को जिला संयोजक का दायित्व सौंपा गया। इस दौरान राज्य सरकार से पेंशनरों और परिवार पेंशनरों के लिए केंद्र के समान देय तिथि 3 फीसदी महंगाई राहत देने की मांग की गई। प्रांताध्यक्ष वीरेंद्र नामदेव ने कहा कि सरकार मध्यप्रदेश राज्य पुनर्गठन अधिनियम 2000 की धारा 49 के नाम पर अन्याय कर रही है। मोदी की गारंटी के तहत केंद्र के देय तिथि से डीए डीआर देने की घोषणा को प्रदेश सरकार ने पूरी नहीं किया है। इसके अलावा पेंशनरों की सारांशीकरण राशि की कटौती की अवधि कम करने, 65 वर्ष की आयु से अतिरिक्त पेंशन देने, दैनिक वेतनभोगी की संपूर्ण सेवाकाल को पेंशन गणना में शामिल करने, रेल यात्रा में छुआ को पुनः बहाल करने, पेंशनरों को मृत्यु पर एग्रेसिया देने सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई।

### प्राइड ऑफ़ इंडिया इंटरनेशनल थाईलैंड में युवाओं ने लिया हिस्सा



**अंबिकापुर।** पूनम प्रोडक्शन के बैनर तले रायपुर और अंबिकापुर छत्तीसगढ़ में ऑडिशन रखा गया। ऑर्गेनाइजर पूनम गोकुलपुरे द्वारा आयोजित ऑडिशन में छत्तीसगढ़ के युवाओं ने मिस्टर मिस, मिसेस और किड्स कैटिगरी ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि और जूरी के रूप में मुंबई से आए मयूर कृष्णा राव, शैलेंद्र प्रताप सिंह, राजुल केन, कंचन विश्वकर्मा, अर्पिता सिंह, अंकिता मिश्रा एवं शशि अंशुमन सहित पूरे छत्तीसगढ़ से आए हुए प्रतिभागी शामिल हुए। प्रतियोगिता में प्रदेश प्रतिभागियों के लिए अपने हुनर को निखारने का सुनहरा अवसर प्राप्त हुआ। इस प्रतियोगिता का फिनाले थाईलैंड के पटाया थाईलैंड में होगा।

### नियमितिकरण की मांग लेकर हड़ताल पर पंचायत सचिव

**अम्बिकापुर।** शासकीयकरण की मांग लेकर पंचायत सचिवों के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने से ग्राम पंचायतों में चल रहे विकास कार्य ठप हो गए हैं पंचायत सचिव संघ के पदाधिकारी इस बार आर पार की लड़ाई लड़ने एवं नियमितिकरण की मांग पूरी होने के बाद ही काम पर लौटने की बात कह रहे है। पदाधिकारियों ने बताया कि संघ लम्बे समय से पंचायत सचिव पद का शासकीयकरण करने के साथ ही शासन से मिलने वाली सुविधाओं की मांग कर रहे हैं। विधानसभा चुनाव के पूर्व मोदी की गारंटी के तहत उन्हें नियमित करने का आश्वासन दिया था लेकिन शासन द्वारा अब तक मांग को पूरी नहीं की गई है। हालत यह है वर्ष 1995 से काम करने के बावजूद नियमितिकरण के अभाव में उन्हें भारी आर्थिक क्षति उठानी पड़ रही है साथ ही अन्य शासकीय सुविधाओं के लाभ से वंचित होना पड़ रहा है। इस बार शासकीयकरण की मांग पूरी होने के बाद ही वे काम पर लौटेंगे। हड़ताली पंचायत सचिव विकासखण्ड मुख्यालयों में नियमित धरना प्रदर्शन कर रहे हैं।

### पुलिस ने ढाई सौ वाहन चालकों को बांटे हेलमेट

**रायगढ़।** सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और यातायात नियमों के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से रायगढ़ पुलिस द्वारा एक विशेष अभियान चलाया गया, जिसके तहत बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई करते हुए उन्हें हेलमेट वितरित किए गए। इस मुहिम के तहत मंगलवार को छातामुड़ा चौक पर यातायात पुलिस ने करीब 250 वाहन चालकों, जिनमें 50 महिलाएं भी शामिल थीं जिन्हें निशुल्क हेलमेट वितरित किए।

## पुलिस से बचने खुद दी सूचना, रची झूठी कहानी

# चरित्र शंका पर पत्नी की डंडे से पिटाई कर उतारा मौत के घाट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

चरित्र शंका पर पति ने महिला की डंडे से पिटाई कर उसकी हत्या कर दी। पत्नी की हत्या के बाद पुलिस से बचने के लिए आरोपी ने खुद ही पुलिस को महिला के मौत की जानकारी दी और झूठी कहानी रच दी। मामले में पुलिस ने जांच व पूछताछ के बाद आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। इसके साथ ही घटना में प्रयुक्त डंडा भी बरामद कर लिया है।

**खास बात**
- आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार




पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

बताया जा रहा है कि मैनपाट के कमलेश्वरपुर थाना अंतर्गत ग्राम अमगांव निवासी 53 वर्षीय जंगल साय तिग्गा पत्नी लालो बाई के साथ रहता था। ग्रामीण ने 17 मार्च को पुलिस को सूचना दी कि वह सुबह दस बजे खाना पीना करके बैल चराने जंगल चला गया था और जब दोपहर में तीन बजे वापस लौटा तो घर का दरवाजा खुला हुआ था और उसकी पत्नी लालो बाई घर की परछी में गिरी हुई थी व हिलडुल नहीं रही थी। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और पंचनामा उपरान्त लाश को पीएम के लिए भेजने के साथ ही घटना की जांच शुरू की। जांच के दौरान यह बात सामने आई कि मृतिका लालो बाई और उसके पति के बेच आए दिन मारपीट होता था और 17 मार्च को भी चरित्र शंका को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ जिसमें जंगल साय ने पत्नी की पिटाई की थी। जांच के दौरान महिला के माथे, पीठ, जांघ, पैर पर डंडा से वार करने के निशान थे। ऐसे में पुलिस ने संदेह के आधार पर आरोपी पति जंगल साय को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि चरित्र शंका को लेकर हुए विवाद में उसने पत्नी की डंडे से पिटाई की जिससे उसकी मौत हो गई। हत्या के बाद पुलिस से बचने के लिए आरोपी ने पुलिस को सूचना देने के साथ ही झूठी कहानी रची थी। मामले में पुलिस ने आरोपी अमगांव निवासी 53 वर्षीय जंगल साय तिग्गा आ.स्व. झक्कड़ साय को बीएनएस की धारा 103(1), 238 के तहत गिरफ्तार करने के साथ ही घटना में प्रयुक्त डंडा को बरामद कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना कमलेश्वरपुर से सउनि डेविड मिंज, प्रधान आरक्षक अखिलेश भगत, आरक्षक अर्जुन पैकरा, परवेज फ़रिदौशी, धनेश्वर पैकरा, सूरज राठिया सक्रिय रहे।

### पत्नी के हाथ बांधकर बसुला से किया जान लेवा हमला, आरोपी गिरफ्तार

पत्नी की हत्या करने की नीयत से रस्सी से हाथ बांधकर बसुला से प्राणघातक हमला करने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने आरोपी पति को महिला के हत्या के प्रयास के मामले में गिरफ्तार कर लिया है। दरिमा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 13 मार्च की शाम 4 बजे करम्हा तुर्रापारा निवासी 40 रामलाल मोहनी आ. सावन मोहनी ने घरेलु विवाद को लेकर पत्नी पवन कुमारी के दोनों हाथ को रस्सी से बांध दिया और फिर हत्या करने की नीयत से बसूला से पैर, सिर के साथ ही गर्दन में वार किया। इस दौरान युवक की मां सावन मोहनी, सहित अन्य लोगों ने बीच बचाव कर महिला की जान बचाई और महिला के परिजन को इसकी जानकारी दी। परिजन द्वारा महिला पवन कुमारी को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसका उपचार जारी है। इस मामले में युवक की मां सावन मोहनी की शिकायत पर पुलिस ने जांच उपरान्त आरोपी रामलाल मोहनी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी से घटना में प्रयुक्त बसुला बरामद करने के साथ ही बीएनएस की धारा 109 (1) के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी दरिमा शशिकांत सिन्हा, सउनि बैजनाथ लकड़ा, आरक्षक जगेश्वर बघेल, जितेंद्र लकड़ा, राज जायसवाल सक्रिय रहे।



## क्षेत्र में नहीं थम रही चोरी और लूट जैसी घटनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

क्षेत्र में चोरी और लूटपाट की घटना थमने का नाम नहीं ले रही है। चोर एवं लुटेरों के आतंक से क्षेत्र की जनता में दहशत का माहौल है। विगत दिनों आधी रात को हुई चोरी की एक घटना में चोरो ने ग्राहक सेवा केंद्र में धावा बोला। चोर ग्राहक सेवा केंद्र का ताला तोड़कर अंदर घुसे और दराज में रखा नगदी रकम पार कर दिया। इस घटना को अंजाम देने चोर कार में बैठकर ग्राहक सेवा केंद्र आये थे। जहां चोरी की घटना को अंजाम देने के बाद कार में बैठक फरार हो गए।

- अब ग्राहक सेवा केंद्र को बनाया निशाना, आधी रात कार से आए चोरों ने दिया अंजाम

ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक ने इस घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज करा दी है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम उलकिया में घर के अंदर संचालित ग्राहक सेवा केंद्र मे देर रात चोरों ने धावा बोला।चोरों ने ग्राहक सेवा केंद्र में धावा बोलते हुए दराज के अंदर रखे नगदी 35 हजार रुपये लेकर फरार हो गए। ग्राहक सेवा केंद्र में लगे सीसी टीवी में कैद इस घटना के दौरान चोरों ने अपने चेहरे को कपड़े से ढक रखा था ताकि इस मामले में उनकी शिनाख्त नहीं हो पाए। जिस दौरान ग्राहक सेवा केंद्र में चोरों ने धावा बोला उस दौरान घर के सारे सदस्य सो रहे थे। सुबह जब सोकर उठे तब उन्हें इस घटना की जानकारी लगी। ग्राहक सेवा केंद्र में चोरी करने वाले चोर ज्यादे उम्र के नही लग रहे है। चोर इस घटना को अंजाम देने कार में सवार होकर आए थे। जो चोरी करने के बाद कार में बैठकर सीतापुर की ओर फरार हो गए। चोरों के कार की शिनाख्त राधापुर में लगे सीसी टीवी कैमरे में भी हुई। जिसमें वो तेज रफ्तार से सीतापुर की ओर भागते नजर आ रही है। इस घटना के बाद ग्राहक सेवा केंद्र के संचालक विवेक गुप्ता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करा दी है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध धारा 331(4)एवं 305 (A)के तहत अपराध दर्ज करते हुए उनकी खोज में जुटी हुई है।

### व्यवसायी के यहां घुसे लुटेरों का अभी तक नहीं लगा है सुराग

विगत दिनों राधापुर निवासी राजेंद्र अग्रवाल के यहां लूट की नीयत से घुसे हथियारबंद नकाबपोश लुटेरों का दूसरे दिन भी कोई सुराग हाथ नहीं लग सका है। पुलिस की टीम समेत क्राइम ब्रांच एवं साइबर सेल की टीम लुटेरों की तलाश में दिन रात एक कर दी है। इसके बाद भी अभी तक पुलिस के हाथ इस मामले में खाली है। पखवाड़े भर के अंदर जिस अंदाज में लुटेरों के गिरोह ने नवापारा समेत राधापुर में अपने मंसूबो को अंजाम दिया है।उससे क्षेत्र की जनता में एक भय का माहौल निर्मित हो गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी प्रदीप जायसवाल ने बताया कि जल्द ही लुटेरे पुलिस की गिरफ्त में होंगे। पुलिस ने इनकी गिरफ्तारी के लिए चारो तरफ अपना जाल बिछा रखा है।

## महापौर के घर में घुसकर चुराई बच्ची की साइकिल, सीसीटीवी में कैद हुई घटना

**अंबिकापुर।** महापौर मंजूषा भगत के घर में घुसकर बच्ची की साइकिल चोरी करने का मामला सामने आया है। इस घटना से जुड़ा सीसीटीवी फुटेज भी अब वायरल हो रहा है जिसमें एक युवक साइकिल लेकर भागता हुआ नजर आ रहा है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। बता दें कि शहर की महापौर मजुषा भगत के निवास पर दो लोग मिलने के बहाने घर में घुसे थे। दोनों युवक घर के बाहर बरामदे में कुर्सी पर काफी समय तक बैठे रहे और इसके बाद उनके से एक युवक उठकर बाहर निकला जबकि पीछे से दूसरे चोर ने घर में मौजूद छोटी बच्ची के साइकिल को चोरी कर लिया। आरोपी बच्ची की साइकिल को उठाकर जाते हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। दिन दहाड़े मेयर के घर में हुई चोरी की घटना से हडकंप मच गया। बताया जा रहा है कि स्थानीय लोगों द्वारा चोर को पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।



## मरीजों के प्रति संवेदनशील बनें चिकित्सक और अस्पताल प्रबंधनः बाबूलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

रेड क्रॉस सोसाइटी के नवनिर्वाचित चेयरमैन बाबूलाल अग्रवाल ने जिला चिकित्सालय की स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया है।

- रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन ने कहा-मरीजों को मिले बेहतर इलाज



उन्होंने कहा कि अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज को सभी आवश्यक सुविधाएं सहज रूप से मिलनी चाहिए, ताकि किसी को असुविधा न हो। चिकित्सकों और अस्पताल प्रशासन से मरीजों के प्रति संवेदनशील रहने की अपील की। श्री अग्रवाल ने अस्पताल के चिकित्सकों और स्टाफ से आग्रह किया कि वे मरीजों की सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें और हर मरीज को बेहतर उपचार देने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करें। अस्पताल में आने वाले हर व्यक्ति को यह महसूस होना चाहिए कि उसकी देखभाल पूरी गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ की जा रही है। दूर-दराज से आने वाले मरीजों के प्रति अधिक संवेदनशीलता बरती जाए, ताकि वे इलाज के अभाव में दर-दर भटकने को मजबूर न हों। उन्होंने कहा कि यह शिकायत बिल्कुल नहीं आनी चाहिए कि किसी मरीज को उचित उपचार न मिलने के कारण प्राइवेट अस्पताल जाने की सलाह दी गई हो। श्री अग्रवाल ने यह भी स्पष्ट किया कि रेड क्रॉस सोसाइटी गरीब, असहाय और जरूरतमंद मरीजों की सहायता के लिए सदैव तैयार रहेगी। संस्था का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आर्थिक तंगी या संसाधनों की कमी के कारण कोई भी व्यक्ति उपचार से वंचित न रहे।

रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा जरूरतमंदों को दवाइयां, चिकित्सा उपकरण, और आवश्यक आर्थिक सहायता प्रदान करने की दिशा में निरंतर प्रयास किए जाएंगे। इसके अलावा, स्वास्थ्य जागरूकता अभियान, ब्लड डोनेशन कैंप और अन्य कल्याणकारी गतिविधियों को भी और अधिक सक्रिय रूप से संचालित किया जाएगा।

### लिपिकीय त्रुटि की वजह से एसईसीएल के सेवानिवृत्त कर्मचारियों को हो रहा आर्थिक नुकसान

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र से गत माह फरवरी 2025 में सेवानिवृत्त हुए कुछ कोल कर्मचारियों के मूल वेतन (बेसिक) व भत्तों में कटौती कर देने का मामला सामने आया है, ऐसे में रिटायर कोल कर्मी परेशान होकर कम्पनी दफ्तर के चक्कर काटने मजबूर हो रहे हैं।बताया गया कि पिछले माह फ़रवरी को रिटायर हुए कुछ कोल कर्मियों के वेतन पर्ची के व्यक्तिगत कालम में मूल वेतन (बेसिक) तो सही अंकित है परंतु वेतन विवरण के कॉलम में बेसिक कम कर दिया गया और भत्तों की गणना भी इसी कम किए गये बेसिक राशि के अनुसार भुगतान कर दिया गया, इस त्रुटि के कारण कोल कर्मचारियों को चौतरफ़ा आर्थिक नुकसान झेलना पड़ जायेगा , इसमें वेतन में कटौती के अलावा भविष्य निधि पीएफ और पेंशन पर भी गहरा आर्थिक असर पड़ेगा।मूल वेतन बेसिक व भत्तों में कटौती क्यों की गई इस संबंध में जिम्मेदार अधिकारी कुछ भी कहने से बच रहे हैं, इस गड़बड़ी को कंप्यूटर सिस्टम की गड़बडी बताया जा रहा है,क्योंकि इस संबंध में कोई आदेश या पत्र कार्यालय में उपलब्ध नहीं है और ना ही वेतन पर्ची में ही इसका उल्लेख किया गया है।

- वेतन पर्ची में मूल वेतन कम अंकित कर देने से सैलरी में कटौती हो जाने के साथ पीएफ पर भी पड़ता दिख रहा असर

इस संबंध में वरिष्ठ कार्मिक प्रबंधक अनुपम दास ने बताया कि उनके भी संज्ञान में उक्त मामला आया है। ऐसा दो से तीन कोल कर्मियों के साथ हुआ है जिसे बिलासपुर कम्पनी मुख्यालय से पत्राचार कर जल्द सुधार कर दुरुस्त करा लिया जाएगा।

## आरआरवीयूएनएल की खदानों में मनाया गया राष्ट्रीय सुरक्षा पखवाड़ा

**अम्बिकापुर।** उदयपुर ब्लॉक स्थित राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड की परसा ईस्ट कांता बासन खदान और परसा खदान में आयोजित राष्ट्रीय सुरक्षा पखवाड़ा का समापन बुधवार को किया गया।

- सुरक्षा और कल्याण विकसित भारत के लिए महत्वपूर्ण विषय पर हुए जागरूकता कार्यक्रम

सुरक्षा और कल्याण विकसित भारत के लिए महत्वपूर्ण विषय पर आधारित सुरक्षा पखवाड़ा का आयोजन 4 से 10 मार्च तक आरआरवीयूएनएल की दोनों खदानों में किया गया जिसका उद्देश्य कार्यरत कर्मचारियों और मजदूरों को सुरक्षित मानदंडों पर कार्यों के निष्पादन और जागरूकता पर जोर देना है। इस दौरान खान के सुरक्षा और कल्याण विभाग द्वारा दैनिक जीवन और कार्य के वातावरण में सुरक्षा के महत्व पर जोर देने सुरक्षा नारे, कविताएं, चित्रकला इत्यादि जैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गई, जिसमें स्कूलों के विद्यार्थियों सहित मजदूरों और ठेका कंपनियों के कर्मचारियों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान अदाणी एंटरप्राइजेज के चीफ ऑफ क्लस्टर मनोज कुमारी शाही सहित अन्य कर्मचारी और अधिकारी भी मौजूद थे। कार्यक्रम में शाही ने कहा कि सुरक्षा एक दिन, सप्ताह, महीने या साल भर की नहीं है बल्कि यह कभी न खत्म होने वाली प्रक्रिया है जिसे हमें हर समय पालन करना चाहिए। चाहे वह कार्य के दौरान हो या कार्य के बाहर। हमारी खदानों को शून्य दुर्घटना वाली खदान का गौरव प्राप्त है जिसका श्रेय आप सभी को जाता है जिन्होंने हर समय सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए अपने कार्यों का निष्पादन किया है। हमें सुरक्षा और कल्याण को हर पहलू में प्राथमिकता देने की आवश्यकता पर बल देना है साथ ही यह कीर्तिमान हमें आगे भी जारी रखना है।




## घर में घुसकर मारपीट, जमकर चले लाठी-डंडे व ईंट

**अंबिकापुर।** शहर के दर्री पारा में लोगों ने घर में घुसकर जमकर उत्पात मचाया है। आधा दर्जन से अधिक लोगों ने घर में घुसकर महिला समेत अन्य लोगों से जमकर मारपीट की। इस दौरान जमकर ईंट, खपड़े चलाए गये है। इस घटना में महिला समेत तीन लोग घायल हुए है जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है जबकि पुलिस द्वारा मामले में दो नामजद समेत 9 लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। पूरा मामला पुराने पैसों के लेनदेन से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि बुधवार की दोपहर लगभग 3.30 बजे दर्रीपारा निवासी नमो नारायण के निवास पर विशाल साहू, अमन मिश्रा समेत 9 लोग घुस आए। इस दौरान लोगों ने घर में मौजूद महिला समेत अन्य लोगों के साथ जमकर मारपीट की। इस दौरान जमकर लाठी डंडे और ईंट-पत्थर चलाए गए। इस घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल निर्मित हो गया है। मारपीट की घटना में एक महिला समेत तीन लोगों को चोटें आई है जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह पूरा मामला पैसों के पुराने लेनदेन से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है। इस मामले में मणिपुर पुलिस ने शिकायत के बाद विशाल साहू, अमन मिश्रा समेत 9 लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 351(3), 115(2), 191(2) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है। इस सम्बन्ध में एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लो ने बताया कि पैसों के लेनदेन को लेकर मारपीट की घटना सामने आई है। इस मामले में शिकायत के बाद आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है और मामले की जांच चल रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

- महिला समेत तीन लोगों को आई चोट, अपराध दर्ज



# युवा आयोग के अध्यक्ष व जिपं सदस्य ने किया जिला पंचायत क्षेत्र दौरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर व जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 2 की नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य पायल सिंह तोमर ने विभिन्न ग्रामों का दौरा किया और वहां की समस्याओं से अवगत हुए।

- सुनी ग्रामीणों की समस्याएं, दिया निराकरण का आश्वासन

अंबिकापुर जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 2 के ग्राम फतेहपुर, सपना, सुखरी, रनपुर, बांकीपुर, बकिरमा ग्राम में निर्वाचन उपरांत विश्व विजय सिंह तोमर एवं जिला पंचायत सदस्य पायल सिंह तोमर निर्वाचन पश्चात क्षेत्र भ्रमण पर पहुंचे। इस दौरान गर्मी में पेयजल की समस्या सामने आई है। इसके साथ ही ग्रामीणों ने अपनी अन्य समस्याएं रखीं। उन्होंने इन समस्याओं के त्वरित निराकरण का भरोसा दिया। युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर ने कहा कि आपकी जो भी समस्या होगी उसका निराकरण करना मेरी प्राथमिकता में है। पेयजल की समस्या दूर करने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने जल जीवन मिशन योजना लागू की है। एक-एक कर हर गांव में शुद्ध पेयजल पहुंचने लगा है। आपके गांव में भी यह योजना चल रही है। इसका क्रियान्वयन बेहतर तरीके से हो इसका प्रयास हम कर रहे हैं।आपके द्वार तक शुद्ध पेयजल पहुंचना हमारी सरकार की प्राथमिकता में है। ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों का निर्माण भी आने वाले दिनों में समग्र तरीके से होगा। जिला पंचायत सदस्य पायल सिंह तोमर ने कहा कि आप सभी के आशीर्वाद से मुझे जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित होने का गौरव प्राप्त हुआ है। आप लोगों की समस्याओं को दूर करना अब मेरी जिम्मेदारी है। गांव की छोटी-छोटी समस्याएं हर हाल में दूर होनी चाहिए। आप लोग निरंतर साथ देते रहें। आपके विश्वास पर हम लोग खरा उतरने का प्रयास करेंगे। इस दौरान अंबिकापुर ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विवेक सिंह सेंगर, महिला मोर्चा की जिला महामंत्री सोनू तिग्गा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

कार्यक्रम का संचालन भाजयुमो अंबिकापुर ग्रामीण के मंडल अध्यक्ष दिगंबर यादव ने किया। इस अवसर पर सुधाकर मिश्रा, अंजनी दुबे, महामंत्री संजय राजवाड़े, डोमन राजवाड़े, सागर विश्वकर्मा, आगर साय राजवाड़े, राजू सिंह, आदित्य सिंह, विनय ठाकुर मुकेश गुप्ता, रायत राम पावले, मटुक दास महंत, टीकम यादव,मैनेजर सिंह, धीरन सिंह के साथ सरपंच, उप सरपंच तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।



ग्रामीणों की समस्या सुनते युवा आयोग के अध्यक्ष।

हरिभूमि आवश्यक सूचना

हरिभूमि

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
स्पेशल ट्रेन से - 16 मई से 23 मई 2025 (08 दिन)
By Train-रिजर्वेशन कोच
09 मई से 16 मई 2025,06 जून से 13 जून 2025
25 जुलाई से 1 अगस्त (सावन में ) (8 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान),काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार),पशुपतिनाथ,जनकपुर(सीता मैया का जन्म स्थान), सीतामढ़ी, बनारस (काशी विश्वनाथ मंदिर)/अयोध्या (श्री राम जन्मभूमि)
राशि:-स्लीपर 9,500/-, 3 एसी 16,500/-, 2 एसी 22,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411